भारत सरकार
**आयुष मंत्रालय**

सत्यमेव जयते

Yoga for Harmony & Peace



# योग पार्क

योग पार्क

योग पार्क, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) 2025 के 10 प्रमुख आयोजनों में से एक है। यह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के एक दशक पूरे होने के अवसर पर एक विशेष प्रयास है, जिसका उद्देश्य सामुदायिक परिसंपत्तियों के सृजन के रूप में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 की एक सकारात्मक विरासत छोड़ना है।

पिछले दशक में, आईडीवाई एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में विकसित हुआ है, जो विभिन्न संस्कृतियों और समुदायों के मध्य समग्र स्वास्थ्य, माइंडफुलनेस और सद्भावना को प्रोत्साहित करता है। दशक भर की इस लंबी यात्रा के उपलक्ष्य में, आईडीवाई 2025 में योग के आख्यान को बढ़ाने वाले दस मुख्य कार्यक्रम शामिल होंगे, जिसमें प्रत्येक का लक्ष्य समाज के विशिष्ट वर्गों तक पहुंच स्थापित करना है।

इनमें से एक है योग पार्क, जिसका उद्देश्य स्थानीय अधिकारियों की मदद से विभिन्न पंचायतों (ग्रामीण) और नगर पालिकाओं (शहरी) में मौजूदा पार्कों को योग पार्क में अपग्रेड करना है। यह परियोजना सार्वजनिक पार्कों को समर्पित स्वास्थ्य क्षेत्रों में बदल देगी, जहाँ लोग हर दिन योग का अभ्यास कर सकते हैं। सार्वजनिक पार्कों के अन्य मालिकों, जैसे निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों में निगम, आरडब्ल्यूए, सामाजिक कल्याण संगठन आदि को भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी संबंधी गतिविधियों के एक हिस्से के रूप में मौजूदा पार्कों को योग पार्क में अपग्रेड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

योग पार्क सभी पृष्ठभूमि के लोगों के लिए सार्वजनिक स्थान होंगे, जहाँ सहयोगी योग संस्थानों के प्रशिक्षित प्रशिक्षक योग सत्र और जागरूकता कार्यक्रम चलाएँगे। वहाँ योग आसन, श्वास अभ्यास और विभिन्न योग तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी देने वाले सूचना बोर्ड भी होंगे, जिससे स्व-निर्देशित अभ्यास संभव होगा। विशेष प्रावधान, वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोगों के लिए पहुँच सुनिश्चित करेंगे, ताकि सभी को योग से लाभ मिल सके।

## योग पार्क के उद्देश्य:

- **समावेशी कल्याण**: ग्रामीण और शहरी दोनों समुदायों में सभी के लिए योग को सुलभ बनाना।
- **सामुदायिक बंधन को मजबूत करना**: सहयोगात्मक स्वास्थ्य अभ्यासों और स्वयंसेवी गतिविधियों के माध्यम से एकता को बढ़ावा देना।
- **पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना**: सार्वजनिक स्थानों में हरित बुनियादी ढांचे और पर्यावरण जागरूकता को शामिल करना।
- **विरासत का निर्माण**: स्वास्थ्य शिविरों और कल्याण अभियानों के लिए योग पार्कों को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से जोड़ना।



योग पार्क

## कॉरपोरेट निकायों से योग प्रदाता बनने का आह्वान:

योग पार्क पहल, एक आयोजन से कहीं अधिक है, यह भारत के सांस्कृतिक ताने-बाने में स्वास्थ्य को समाहित करने की एक प्रतिज्ञा है। हम कॉर्पोरेट निकायों से आग्रह करते हैं कि वे स्थानीय पंचायतों, नगर निकायों और जमीनी स्तर के योग नेटवर्क के साथ भागीदारी करके अपने सीएसआर पहल के एक हिस्से के रूप में, यह प्रतिज्ञा लें, ताकि सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़े। संबंधित विषय के बारे में अधिक जानने के लिए आप idy.coordination@gov.in पर लिख सकते हैं।

## पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) से इस कल्याण पहल का स्वामित्व लेने का आह्वान

योग के लिए सार्वजनिक स्थान बनाकर, यह पहल, एक ऐसी विरासत का निर्माण करती है जहाँ स्वास्थ्य एक विशेषाधिकार नहीं बल्कि हर नागरिक का मौलिक अधिकार है। हम पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) से आग्रह करते हैं कि वे अपने स्वामित्व वाले मौजूदा पार्कों को योग पार्क में अपग्रेड करने के प्रस्तावों के साथ आगे आएं। इस पहल के बारे में अधिक जानने के लिए आप idy.coordination@gov.in पर लिख सकते हैं।

**एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग**

